तापमान

भोपाल	30.6°	24.3°
इंदौर	29.1°	23.6°
जबलपुर	31.7°	24.3°
ग्वालियर	33.4°	27.3°

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 277, पृष्ठ 12)
बुधवार 4 सितंबर, 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... राष्ट्रमार्ग पर चलने वाले एक-एक व्यक्ति को...

खेल... चोट के कारण दलीप ट्रॉफी के पहले दौर से बाहर हुए...

व्यापार... मुकेश अंबानी 10.5 लाख करोड़ की संपत्ति के साथ...

देश-विदेश... ढाका में मूसलाधार बारिश से जनजीवन...

www.naiduniaonline.com

ब्रूनेई पहुंचे मोदी, क्राउन प्रिंस अल-मुहतादी ने किया स्वागत...

वृहद आसियान क्षेत्र के साथ भारतीय साझेदारी और मजबूत होगी

नई दिल्ली (एजेंसी)।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को ब्रूनेई पहुंच गए। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ब्रूनेई की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। पीएम मोदी का क्राउन प्रिंस अल-मुहतादी ने जोरदार स्वागत किया। ब्रूनेई में पीएम मोदी राजधानी बंदर सेरी बेगावान में अपने होटल पहुंचे। जहां भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया।

ब्रूनेई और सिंगापुर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिंद-प्रशांत के लिए उसके दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण भागीदार करार दिया और कहा कि उनकी यात्रा से दोनों देशों के अलावा वृहद आसियान क्षेत्र के साथ भी भारतीय साझेदारी और मजबूत होगी। मोदी ने कहा कि जैसा कि हम अपने राजनयिक संबंधों के 40 वर्षों का जश्न मना रहे हैं, मैं सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया और शाही परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अपनी बैठकों की प्रतीक्षा कर रहा हूं, ताकि हमारे ऐतिहासिक संबंधों को नयी ऊंचाइयों तक ले जाया जा सके। विदेश मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री की इस यात्रा से ब्रूनेई के साथ रक्षा सहयोग, व्यापार और निवेश, ऊर्जा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सहयोग, क्षमता निर्माण, संस्कृति के साथ-साथ लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित सभी मौजूदा क्षेत्रों में हमारा सहयोग और मजबूत होगा और नए क्षेत्रों में सहयोग के अवसर तलाशे जाएंगे।

ब्रूनेई की अपनी यात्रा के बाद, पीएम मोदी 4 सितंबर से 5 सितंबर तक दो दिवसीय यात्रा के लिए सिंगापुर जाएंगे, इस दौरान वह सिंगापुर के प्रधान मंत्री लॉरेंस वोंग के साथ बातचीत करेंगे। पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए कहा कि ब्रूनेई दारुस्सलाम में उतरा। हमारे देशों के बीच मजबूत संबंधों की आशा है, विशेष रूप से वाणिज्यिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने में। मैं हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के लिए क्राउन प्रिंस हिज रॉयल हाईनेस प्रिंस हाजी अल-मुहतादी बिल्लाह को धन्यवाद देता हूं। प्रधानमंत्री के प्रस्थान से पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यात्रा के लिए परिपक्व समय माना। एस जयशंकर ने कहा कि भारत में हो रहे बदलाव और दुनिया में हो रहे बदलावों को देखते हुए इन्हें और अधिक समसामयिक बनने की जरूरत है। कई मायनों में, यही कारण है कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में इतनी जल्दी सिंगापुर का दौरा करने का विकल्प चुना है।

भारतीय उच्चायोग के नए कार्यालय का किया उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रूनेई के बंदर सेरी बेगवान में भारतीय उच्चायोग के नए कार्यालय का उद्घाटन किया। पीएम मोदी सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया के निमंत्रण पर ब्रूनेई पहुंचे हैं। ब्रूनेई की दो दिवसीय यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंगलवार को प्रवासी भारतीयों ने स्वागत किया। पीएम मोदी मंगलवार को ब्रूनेई की राजधानी बंदर सेरी बेगवान के एक भव्य होटल पहुंचे, जहां वह अपनी यात्रा के दौरान ठहरे हैं। होटल की सभा में सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय भावना का जीवंत प्रदर्शन देखा गया क्योंकि विभिन्न क्षेत्रों के प्रवासी अपने नेता का स्वागत करने के लिए एक साथ आए। नेता ने हाथ मिलाया और भारतीय प्रवासी लोगों से बात की। उन्होंने बच्चों से मुलाकात की जो पीएम मोदी को देखकर खुश हुए। इस बीच, प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए यहां आए प्रवासी भारतीयों ने उन्हें उनकी पेंटिंग भेंट की, जिसमें नेता ने उनका विनम्रता से स्वागत किया और उन्हें ऑटोग्राफ दिया। भारतीय प्रवासी के एक सदस्य ने कहा कि यह एक अद्भुत स्मृति है, हम पिछले 1.5 वर्षों से ब्रूनेई में रह रहे हैं। पीएम मोदी ने पहली बार ब्रूनेई का दौरा किया।

विकास को बढ़ावा देगी, पर्यावरण को बचाएगी इंदौर-मनमाड़ रेल लाइनः वैष्णव

यह रेल पथ नहीं वरन् आदिवासियों का विकासपथ हैः डॉ. यादव

इंदौर(एजेंसी)।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के साथ इंदौर-मनमाड़ रेललाइन परियोजना के संबंध में इंदौर में आयोजित पत्रकारवार्ता को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से न सिर्फ विकास, पर्यटन, कृषि और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यह परियोजना 138 करोड़ किलो कार्बनडाइऑक्साइड का उत्सर्जन रोकेगी, जो 5.5 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

उक्त परियोजना पर्यावरण के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। सीधे तौर पर यह परियोजना भले ही मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के लिए है, लेकिन इसका लाभ देश के हर अंचल को मिलेगा। भाजपा की डबल इंजन सरकार इस परियोजना को समय से पहले पूर्ण कराने के लिए मिलकर काम करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन के रूप में आज मध्यप्रदेश को बड़ी सौगात मिली है। यह रेल पथ नहीं वरन मालवा-निमाड के आदिवासियों का विकास पथ है। इससे मालवा-निमाड़ क्षेत्र को संपूर्ण विकास होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शिर्मा ने कहा कि आज मध्यप्रदेश के मालवा निमाड़ को महाराष्ट्र से जोड़ने की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। इस परियोजना से आर्थिक कॉरिडोर के साथ धार्मिक कॉरिडोर भी विकसित होगा। यह परियोजना 2029 तक मूर्तरूप लेगी। श्री वैष्णव ने कहा कि देश में रेल नेटवर्क के विस्तार के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष आग्रह रहा है और इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना की स्वीकृति के लिए मैं प्रधानमंत्री जी का आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने प्रेजेंटेशन के माध्यम से मीडिया को बताया कि इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना 309 किलोमीटर की होगी और इससे मध्यप्रदेश का मालवा-निमाड़ क्षेत्र सीधे मुंबई से कनेक्ट हो जाएगा। 18036 करोड़ की लागत वाली यह परियोजना 2029 तक पूरी हो जाएगी। इस रेल लाइन पर मध्यप्रदेश में 33 फ्लाईओवर एवं 62 अंडरपास बनाए जाएंगे, ताकि ग्रामीण जनजीवन इस परियोजना से प्रभावित न हो। इसी तरह महाराष्ट्र में 12 फ्लाईओवर और 79 अंडरपास बनाए जाएंगे। चंबल, नर्मदा और तापी सहित अन्य छोटी नदियों में दो लाइन वाले पुल भी बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि परियोजना के अंतर्गत बिछाई जाने वाली रेल लाइन पर 160 कि.मी.प्रतिघंटे की रफ्तार से ट्रेनें दौड़ सकेंगी तथा सिग्नलिंग के लिए कवच सिस्टम का प्रयोग किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत जो सुरंगें बनाई जाएंगी, उनमें से 17.7 कि.मी. सुरंगें मध्यप्रदेश में बनाई जाएंगी। इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन मध्यप्रदेश में इंदौर, धार, खरगोन और बड़वानी जिलों तथा महाराष्ट्र में नासिक और धुले (शेष पेज 2 पर)

खास-खबरें

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में दस नक्सली ढेर, 13 माओवादी गिरफ्तार

दंतेवाड़ा (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने नक्सलवाद के खिलाफ अपने अभियान में मंगलवार को दो उपलब्धियां हासिल की। एक ओर दंतेवाड़ा-बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दस नक्सली मारे गये जबकि बीजापुर में 13 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दोनों घटनाओं के लिए सुरक्षा बलों को बधाई देते हुए कहा कि नक्सलवाद के खात्मे तक हमारी यह लड़ाई जारी रहेगी। बताया जा रहा है कि पिछले एक घंटे से जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ में अब तक नौ नक्सलियों के मारे जाने की खबर है।

संदीप घोष को 8 दिन की सीबीआई हिरासत

कोलकाता (एजेंसी)। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के तत्कालीन प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष को सीबीआई ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। जहां संदीप घोष को 8 दिन की हिरासत में भेज दिया गया और 3 अन्य आरोपियों को भी सीबीआई हिरासत में भेजा गया है। अब 10 सितंबर को अगली पेशी होगी। आरजी कर अस्पताल की एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित बलात्कार और हत्या के मामले में घोष से सीबीआई के साल्ट लेक कार्यालय में 15वें दिन भी पूछताछ की गई। बाद में, उन्हें यहां सीबीआई के निजाम पैलेस कार्यालय ले जाया गया, जहां एजेंसी की भ्रष्टाचार रोधी शाखा का दफ्तर है।

रक्षा मंत्रालय ने 1.45 लाख करोड़ रुपये के 10 खरीद प्रस्तावों को दी मंजूरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने स्थानीय रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देते हुए मंगलवार को भारतीय सेना के टैंकों बेड़े के आधुनिकीकरण के लिए 1,44,716 करोड़ रुपये के 10 खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने 1,44,716 करोड़ रुपये की राशि के 10 खरीद प्रस्तावों को स्वीकृति (एओएन) प्रदान की। मंत्रालय ने बताया कि कुल लागत का 99 प्रतिशत हिस्सा खरीदें (भारतीय) और खरीदें (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन किये गये, विकसित और निर्मित) श्रेणियों के तहत स्वदेशी स्रोतों से है। इस कदम से भविष्य के लिए तैयार लड़ाकू वाहनों (एफआरसीवी), एयर कंट्रोल फायर डिफेंस रडार, डोर्नियर-228 विमान, फास्ट पेट्रोलिंग नौकाओं और तट से दूर पेट्रोलिंग के लिए जहाजों की खरीद का रास्ता साफ हो गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि एफआरसीवी भविष्य का एक मुख्य युद्धक टैंक होगा। इसमें बेहतर गतिशीलता, हर तरह के इलाकों में काम करने की क्षमता, बहुस्तरीय सुरक्षा, सटीक और घातक फायर और वास्तविक समय की स्थिति के बारे में जानकारी (शेष पेज 2 पर)

बंगाल विधानसभा में पास हुआ एंटी-रेप बिल

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी कानूनों को लागू करने में कथित रूप से विफल रहने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उन सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के इस्तीफे की मांग की, जहां हाल ही में बलात्कार और यौन शोषण की घटनाएं सामने आई थीं। पश्चिम बंगाल विधानसभा में अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून और संशोधन) विधेयक 2024 पेश करने के बाद बोलते हुए, ममता बनर्जी ने कहा कि विधेयक का उद्देश्य त्वरित जांच, त्वरित न्याय वितरण और दोषियों को बढ़ी सजा देना है।ममता ने विधानसभा में कहा कि मैंने प्रधानमंत्री को दो पत्र लिखे थे, लेकिन मुझे उनसे कोई जवाब नहीं मिला, बल्कि मुझे महिला एवं बाल विकास मंत्री से जवाब मिला, लेकिन मैंने उनके जवाब का भी जवाब (शेष पेज 2 पर)

ममता संवेदनशून्य हो गई हैं: शिवराज

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल विधानसभा ने मंगलवार को सर्वसम्मति से ममता बनर्जी सरकार द्वारा लाए गए बलात्कार विरोधी अपराजिता विधेयक को पारित कर दिया। भाजपा ने भी इसका समर्थन किया है। हालांकि, भाजपा ने इसे जल्द और सही से लागू करने की मांग की है। इन सबके बीच केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का बड़ा बयान सामने आया है। शिवराज सिंह चौहान ने ममता बनर्जी पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि वह संवेदनशून्य हो गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बिल आरजी कर मेडिकल कॉलेज के जघन्य अपराध से ध्यान भटकाने लाया गया है।

गुटबाजी से रहें दूर, पार्टी फोरम में रखें अपनी बातः राहुल

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ पार्टी के नवनियुक्त सचिवों और संयुक्त सचिवों से मुलाकात की और सभी से गुटबाजी से दूर रहने का आग्रह किया और उनसे कहा कि अगर उनके पास कोई मुद्दा है तो वे सार्वजनिक रूप से न जाएं। इसे पार्टी मंचों पर उठायें। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा नेता राहुल गांधी और पार्टी जीएस-ओ के सी वेणुगोपाल शामिल हुए। इस पहली बैठक में कांग्रेस नेतृत्व का संदेश साफ था कि नेताओं को प्रदर्शन करना होगा और छह महीने बाद उनके प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी और जवाबदेही तय की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, राहुल गांधी ने कहा कि भविष्य के नेता इन्हीं नेताओं से सामने आएंगे और उन्होंने कहा कि नेतृत्व का उद्देश्य कनिष्ठ वर्ग को बढ़ावा देना है न कि उन्हें खारिज करना।

चंद्रशेखर आजाद की बढ़ाई गई सुरक्षा

नई दिल्ली (एजेंसी)। आजाद समाज पार्टी के नेता और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद की सुरक्षा को केंद्र सरकार की तरफ से बढ़ा दी गयी है। चंद्रशेखर की सुरक्षा हरियाणा और जम्मू कश्मीर में बढ़ायी गयी है। गौरतलब है कि दोनों ही राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। हरियाणा में चंद्रशेखर की पार्टी का जननायक जनता पार्टी के साथ गठबंधन है। गठबंधन के तहत आजाद समाज पार्टी 20 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली है। देश में दलित नेता के तौर पर तेजी से उभर रहे चंद्रशेखर की सुरक्षा को लेकर कई बार सवाल खड़े होते रहे हैं। पिछले साल उनके ऊपर हमले भी हुए थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पितृशोक, अंतिम संस्कार आज

भोपाल(काप्र)। मध्यप्रदेश से इस वक्त की सबसे बड़ी खबर सामने आ रही है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पिता पूनमचंद यादव का 100 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज अस्पताल में जारी था। स्व. यादव की शव यात्रा कल प्रातः 11.30 बजे निजनिवास गीता कालोनी अब्दालपुरा से प्रारंभ होगी और अंतिम संस्कार शिप्रातट पर भूखीमाता मंदिर के पास होगा। मंगलवार सीएम डॉ मोहन यादव बीजेपी की राजधानी भोपाल में आयोजित भाजपा सदस्यता अभियान 2024 के कार्यक्रम में मौजूद थे। बीजेपी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने शोक जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फादर्स डे के मौके पर पिता पूनमचंद यादव से मुलाकात की थी। इस दौरान सीएम ने पिता से पैसे मांगे तो उन्होंने (शेष पेज 2 पर)

कांग्रेस की बात करते ही एक ही परिवार की तस्वीर सामने आती है : हिमंता

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस का जिक्र आते ही लोगों के मन में परिवारवादी पार्टी का ख्याल आता है जबकि इसके विपरीत भाजपा के जिक्र भर से लोगों को लगता है कि यहां तो कार्यकर्ता जमीनी स्तर से प्रधानमंत्री के पद तक पहुंच सकते हैं। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सरमा ने कहा कि पार्टी को 18 साल से लेकर 25 साल तक के युवाओं को साथ लाने का लक्ष्य बनाना चाहिए ताकि उन्हें पार्टी के भविष्य के लिए सदस्य बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि जब हम कांग्रेस की बात करते हैं तो हमारे दिमाग में एक परिवार की तस्वीर आती है। हालांकि, भाजपा में ऐसा नहीं है, जहां एक कार्यकर्ता बूथ स्तर से उठकर देश का प्रधानमंत्री बन सकता है।

स्पेशल खबर *कोलकाता रेप केस पर सुको में गृह मंत्रालय ने दाखिल की रिपोर्ट...*

बंगाल सरकार का रवैया असहयोग भरा

नई दिल्ली (एजेंसी)। कोलकाता के आरजी कर हॉस्पिटल में जूनियर डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में अपना आवेदन दाखिल कर दिया।

इसमें गृह मंत्रालय ने बंगाल सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार का रवैया असहयोग भरा है। इससे सीआईएसएफ के काम में दिक्कत आ रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अपने आवेदन में कहा कि कोर्ट के आदेश के मुताबिक हॉस्पिटल की सुरक्षा सीआईएसएफ ने संभाल ली है। लेकिन वहां कोलकाता जवानों के ठहरने का इंतजाम नहीं किया गया। जवानों को हर दिन लगभग 1 घंटे का सफर कर वहां पहुंचना पड़ता है। इस वजह से किसी आपात स्थिति में अतिरिक्त फोर्स उपलब्ध करवाना भी संभव नहीं हो पाएगा। गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव से सीआईएसएफ के लिए व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। अगर राज्य सरकार ऐसा नहीं करती, तो उसके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई हो। इस मामले में अब 5 सितंबर को सुनवाई होगी।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार का रवैया असहयोग भरा है। इससे कोलकाता के काम में दिक्कत आ रही है। आर जी कर हॉस्पिटल में तैनात सीआईएसएफ के 97 लोगों में से 54 महिला हैं। उनके लिए भी उचित व्यवस्था नहीं की गई है।

श्रमिकों को मिलेगा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने और जीवनयापन सरल बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत श्रमिकों को शामिल किया जाएगा। मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि श्रमिकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा गया है। पत्र में प्रवासी श्रमिकों, भवन निर्माण श्रमिकों, बीड़ी श्रमिकों, सिनेमा श्रमिकों, गैर-कोयला खदान श्रमिकों, ठेका मजदूरों और अन्य असंगठित श्रमिकों को आवास योजना मैं शामिल करने को कहा गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा योजना के क्रियान्वयन को वित्त वर्ष 2024-25 से वर्ष 2028-29 तक पांच साल के लिए बढ़ाने की मंजूरी के बाद लिया गया है।